दिनांकः 02.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा – न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तम्भ है।
- प्रदेश में कल से शहरी सेवा शिविरों के फॉलोअप कैम्प लगाये जायेंगे।
- देवउठनी एकादशी पर प्रदेशभर में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन।

और

- आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला जारी।

**000**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वो मजबूत स्तम्भ है जो समाज में न्याय और समानता की अलख जगाता है। सशक्त न्याय व्यवस्था से ही नागरिकों में सुरक्षा का भाव आता है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जोधपुर में आयोजित बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के नवनिर्मित भवन के उद्‌घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है, जिससे न्याय प्रक्रिया मे तेजी आई है।

--------------------

इस समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायामूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई न्यायाधीश और अधिवक्ता मौजूद रहे।

000

मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलेक्टरों को सुरक्षा सेवाओं के दौरान घायल तथा सेवानिवृत्त हो चुके सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता समाधान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र और समाज की सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों के सम्मान और पुनर्वास के कामों में किसी भी स्तर पर विलंब नहीं होना चाहिए। श्री शर्मा ने आवश्यकता के अनुसार शिविर लगाकर समस्याओं को सुलझाने को भी कहा।

000

प्रदेश में कल से शहरी सेवा शिविरों के फॉलोअप कैम्प लगाये जायेंगे। 7 नवम्बर तक चलने वाले इन शिविरों में शेष रहे प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविरों की शुरूआत हुई थी। इनमें जन्म मृत्यु, विवाह पंजीकरण, पट्टे, नामांतरण और ऋण स्वीकृति सहित अन्य काम किये गये। इन कैम्पों के बाकी रहे प्रकरणों को फॉलोअप कैम्प में पूरा किया जायेगा।

000

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेश में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 15 नवम्बर तक चलने वाले पखवाड़े के तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष में कोटपूतली–बहरोड़ जिले में 92 ई–मित्र केन्द्रों पर लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। जनजातीय बाहुल्य बांसवाड़ा जिले में सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये आदिवासियों की समृद्ध विरासत और संस्कृति का प्रदर्शन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह 15 नवम्बर को मानगढ़ धाम में आयोजित होगा।

------------------------

000

कोटा में सेना भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। ये रैली 4 नवम्बर तक चलेगी। उम्मेद स्टेडियम में हो रही इस रैली में कल कोटा, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, ब्यावर करौली और टोंक के अभ्यर्थियों ने अपना दमखम दिखाया।

भर्ती में अगले चरण के लिए अब तक 1200 से अधिक प्रतिभागियों का अग्निवीरों के लिए चयन किया गया है। रैली में आज भीलवाडा और झालावाड के अभ्यर्थी शामिल हुए।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में **विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन–ई. एस. टी. आई. सी–2025** का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री देश में अनुसंधान और विकास–आरएंडडी इको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के **अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना कोष** का भी शुभारंभ करेंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन में शिक्षा और उद्योग जगत से 3 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

0000

बीकानेर संभाग में गंग नहर समारोह आयोजित किया जायेगा। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक समीक्षा बैठक में ये जानकारी देते हुए बताया कि ये समारोह इस साल 5 दिसम्बर से अगले साल 26 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ और श्रीगंगानगर जिलों में कई कार्यक्रम होंगे। श्री मेघवाल ने बताया कि पांच दिसम्बर 1925 को बीकानेर के तत्कालीन महाराजा गंगासिंह ने पंजाब के फिरोजपुर में गंगनहर का शिलान्यास किया था। 26 अक्टूबर 1927 में इसका निर्माण पूरा हुआ था। उन्होंने बताया कि गंग नहर ने राजस्थान को हरित पट्टी और अन्न भण्डार के रूप में नई पहचान दी है।

0000

पाली जिले की अरावली पर्वतमालाओ पर बसे भीमाणा, बाली, अरावल, तराई और कांठा सहित विभिन्न क्षेत्रो में सीताफल की आवक शुरू हो गई है। सीताफल से विभिन्न उत्पाद बनाने से क्षेत्र की महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ी है। इस कार्य में नाबार्ड भी महिलाओं की मदद कर रहा है।

------------------------

000

प्रदेश में देवउठनी एकादशी के मौके पर आज विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मंदिरों में अल–सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। शाम को मन्दिरों में दीपदान किया जा रहा है। राज्य में कई स्थानों पर तुलसी और शालिग्राम के विशेष पूजा–अनुष्ठान भी किये जा रहे हैं। वहीं आज से मांगलिक कार्यो की भी फिर से शुरूआत हो गई है। अनेक स्थानो पर सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किये जा रहे हैं। भरतपुर, पाली और डूंगरपुर जिलों में शालिग्राम की बैण्ड बाजों के साथ बारात निकाली गई। वहीं डूंगरपुर जिले में जगह–जगह शोभा यात्राएं निकाली गई। उधर तीर्थराज पुष्कर में आज से पंचतीर्थ स्नान से धार्मिक मेले की औपचारिक शुरूआत हुई। पुष्कर सरोवर के विभिन्न घाटों पर सुबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

-------------------

000

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से हो रहा है। नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम ने

बल्लेबाजी करते हुए ताजा समाचार मिलने तक 26 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 158 रन बना लिये हैं। स्मृति मंधाना शानदार 45 रन बनाकर पैवेलयन लौटीं।

000

भारत की अवनी लेखरा ने पैराशूटिंग विश्वकप की महिलाओं की दस मीटर एयरराइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। दुबई के अलएन में अवनी ने स्वीडन की अना बेशनॉन को हराकर ये खिताब हासिल किया। वहीं मिक्स्ड पचास मीटर राईफल मुकाबले में भारत ने स्वर्ण और टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

0000

राज्य में बीते 24 घंटों में अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ रहा। नागौर और सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान साढे 12 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआ। अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। वहीं धूप निकलने से दिन के तापमान में 7 डिग्री तक की बढोतरी देखी गई। हालांकि मौसम का मिजाज कल से एक बार फिर बदलने के आसार है। एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई स्थानों पर अगले दो दिन बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 17 जिलों में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस बार नवम्बर महीना सामान्य से अधिक ठण्डा रहने के आसार है।

----------------

0000